nandgaon times April-23-003.qxd 4/23/2025 12:15 AM Page 1

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा... पृष्ठ 2 | पटरी पार की बेटियों ने रचा इतिहास... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 23 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 183, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों व भवनों के निर्माणकार्य करें पूर्ण : साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों के त्वरित चिन्हांकन व मरम्मत के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरूण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड (ष्ठद्गस्रद्बष्ड्डह्लद्गस्र) वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई (हृ॥ ्रढ्ढ) के साथ बेहतर



समन्वय बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रूपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। श्री साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने वहां निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से सुदूर वनांचलों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को वर्तमान समय की जरूरतों और लाइफस्टाइल के अनुरूप सर्किट हाउसों और विश्राम गृहों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके अच्छे रखरखाव के साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने को कहा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन विधानसभा के नए भवन का 95 प्रतिशत सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नए राजभवन का भी 60 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा के कार्यों के लिए 106 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। सड़क दुघर्टनाओं को रोकने आगामी पांच-छह महीनों में ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत और श्री मुकेश बंसल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी और संयुक्त सचिव श्री एस.एन. श्रीवास्तव सहित सभी मुख्य अभियंता भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्गों, एनएचएआई द्वारा किए जा रहे कार्यों, निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों की प्रगति, खेल विभाग के अधोसंरचना निर्माण कार्यों तथा सीआरआईएफ, आरआरपी (एलडब्ल्यूई) तथा आरसीपीएलडब्लूईए योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

## छत्तीसगढ़ राजनांदगांव संस्कारधानी तिरुपति बालाजी मंदिर स्टेशन पारा में भगवान का विवाह महोत्सव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान का विवाह महोत्सव एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी तारेन महाराज जी ने बताया कि 20 अप्रैल को भगवान का विवाह महोत्सव और प्रसादी वितरण हुआ, जिसमें शहर के हजारों श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित हुए।

**कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण:** भगवान का विवाह महोत्सव: एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन, प्रसादी वितरण: भक्तों के बीच प्रसादी का वितरण, तिरुपति बालाजी मंदिर समिति: कार्यक्रम का आयोजन करने वाली समिति, आचार्य श्री निवास जी महाराज: कार्यक्रम के मुख्य आचार्य, यह आयोजन विगत 25 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शहरवासी और भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित होते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का है, बल्कि यह समुदाय को एकजुट करने और साझा मूल्यों को मनाने का भी अवसर प्रदान करता है।

## मंत्री राम विचार नेताम ने केंद्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया से दिल्ली में की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास



मंत्री श्री रामविचार नेताम ने दिल्ली प्रवास के दौरान आज केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मंत्री नेताम और केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया के मध्य छत्तीसगढ़ के विकास हेतु योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री नेताम द्वारा इस दौरान रामानुजगंज-बलरामपुर जिले के विभिन्न स्थानों में खेलो इंडिया मद से खेल अधोसंरचना निर्माण के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया ने सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए जल्द स्वीकृति देने का आश्वासन दिया।

## बद्री महराज जी की भविष्यवाणी बारह जून तक रहेगी गर्मी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बद्री महाराज जी की भविष्यवाणी के अनुसार छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 12 जून तक गर्मी का प्रभाव रहेगा, जिसके बाद बारिश होने की संभावना है। उन्होंने गर्मी के प्रभाव को ग्रहों की स्थिति से जोड़ा है, जिसमें मीन राशि पर चार ग्रहों की उपस्थिति और मंगल की नीचस्थ राशि पर गोचर शामिल है।



**गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए सुझाव:** प्याऊ और मटका रखना: गर्मी में पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना पानी का संरक्षण: पानी को व्यर्थ में न बहाना और इसका सही तरीके से उपयोग करना बद्री महाराज जी का यह संदेश न केवल गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए है, बल्कि यह पर्यावरण और जल संरक्षण के महत्व को भी उजागर करता है।

## चंद्रगिरी समाधि स्थल के दर्शनार्थ पहुचे पर्यटन विभाग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीलू शर्मा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कि समाधी स्थल के दर्शन करने छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष माननीय श्री नीलू शर्मा जी पहुचे । उनके आगमन पर चंद्रगिरी समाधि स्थल के ट्रस्टी गण एवं सदस्यों ने उनका अभिवादन किया । उन्होंने श्रीफल चढ़ाकर समाधि स्थल को नमन किया एवं ऐसे पूजनीय स्थल और आचार्य श्री के प्रति अपने भाव अभिव्यक्त किये । उन्होंने कहा कि यह स्थान आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कि तपो भूमि रही है यहाँ पर उन्होंने संलेखना धारण किया जिससे यहाँ कि भूमि पवित्र और उर्जावान हो गयी है । मै पहले भी आचार्य श्री के दर्शनार्थ चंद्रगिरी



आ चुका हूँ । उस समय उनका स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं था लेकिन फिर भी मुझे उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला था उन्होंने दोनों हाथ उठाकर मुझे आशीर्वाद दिया था । आचार्य श्री के दर्शन के लिये हमारे देश के प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं गृह मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी भी आये थे । यह हमारे लिये बहुत ही गौरव कि बात है कि हमें यह सौभाग्य मिला कि आचार्य श्री ने यहाँ संलेखना धारण कर समाधि लिये । इस स्थान पर मै हमेशा आते रहूँगा । यहाँ उपस्थित पर्यटन विभाग के सभी अधिकारी गण एवं भाई अमित जैन, भाई जसमीत, भाई रमन डोंगरे एवं चंद्रगिरी समाधि स्थल के सभी ट्रस्टी एवं सदस्यों का धन्यवाद करता हूँ कि वे अपनी सेवा यहाँ दे रहे है और आगे भविष्य में जो भी आपकी कार्य योजना बनेगी उसके लिये मै सदैव आपके साथ रहूँगा । उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) ने दी है।

## केबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मां पाताल भैरवी माता की पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद मांगा





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता केबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज बर्फानीधाम मंदिर पहुंचे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मां पाताल भैरवी कि पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद मांगा, तदपश्चात ब्रह्मर्षि बर्फानी दादाजी महाराज के दर्शन कर उनके चरण पादुका पर सिर झुकाकर नमन किया और बर्फानी दादाजी महाराज से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,प्रदेश पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा,महिला संगठन की पदाधिकारी आभा तिवारी और मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश मारू उनके साथ उपस्थिति थे।

## मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव मनाने आज जरूरी बैठक सिंघोला में

### 9 मई को मनाई जाएगी माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला साहू संघ एवं माँ भानेश्वरी मंदिर समिति सिंघोला द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सिंघोला में स्थित सिद्धपीठ माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव का वृहद स्तर पर मनाया जाना है जिसकी तैयारियों को अंतिम रुप देने जिला साहू संघ एवं मंदिर समिति जोर शोर से जुटे हुए हैं ।जिला अध्यक्ष भागवत साहू एवं जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इसी तारतम्य में दिनांक 23/4/2025 दिन बुधवार को ग्राम पंचायत सिंघोला स्थित मंदिर प्रांगण में समय दोपहर तीन बजे से अति आवश्यक बैठक रखी गई है ।उक्त बैठक में प्रदेश साहू



संघ के उपाध्यक्ष द्वय भीखम साहू,प्रमोद कुमार साहू,राजनांदगांव जिला प्रभारी चतुरर्भुज साहू, सह प्रभारी अंजना साहू की मौजूदगी में आहुत है ।जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने इस महत्वपूर्ण जरूरी बैठक में चर्चा के लिए जिला साहू संघ राजनांदगांव के समस्त पदाधिकारियों सभी प्रकोष्ठ संयोजक,सचिव, सदस्य गण अध्यक्ष - सचिव सभी तहसील / परिक्षेत्र साहू संघ जिला राजनांदगांव एवं माँ भानेश्वरी मंदिर समिति पदाधिकारीगण, सरपंच एवं पंचगण ग्राम पंचायत रहवासियों से उपास्थि की अपील की है। उक्त जानकारी जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने दी ।

## सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव के कर कमलो द्वारा फायर ब्रिगेड गाड़ी पूजन कर, हरी झंडी दिखाकर किए रवाना





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सांसद माननीय श्री संतोष पांडे जी एवं मधुसूदन यादव जी महापौर राजनांदगांव के कर कमलो द्वारा जिले के अग्नि सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करने हेतु अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिगेड गाड़ी) का लोकार्पण किया गया। सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने पूजा अर्चना कर गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। आज नगर सेना मुख्यालय, राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा जिले के अग्नि सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करने एवं आपातकाल में जनधन की हानि को रोकने हेतु नए अग्निशमन वाहनों का राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडे जी एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव जी के साथ लोकार्पण किया और हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में समर्पित किया। सांसद ने कहा कि हमारे नगर सेना के जवान हर आपातकालीन परिस्थितियों को नियंत्रित कर जनधन की हानि को रोकने हेतु सदैव मुस्तैद रहते हैं और इन नए वाहनों के अग्निशमन में जुड़ने से जिले को विषम परिस्थितियों से निपटने में सुविधा मिलेगी।

nandgaon times April-23-003.qxd 4/23/2025 12:15 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) किस मंत्रालय ने बालपन की कविता पहल शुरू की है?
2) किस देश द्वारा 2025 में अभ्यास सी ड्रैगन 2025 की मेजबानी की गई?
3) सागरेश्वर वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
4) फ्यूगो ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
5) किसने मार्च 2025 में स्टॉकहोम जल पुरस्कार 2025 जीता?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) शिक्षा मंत्रालय (2) संयुक्त राज्य अमेरिका (3) महाराष्ट्र (4) ग्वाटेमाला (5) गुंटर ब्लोशल्

# पटरी पार की बेटियों ने रचा इतिहास, भारत सरकार के भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पटरी पार क्षेत्र के खेल प्रतिभा ने एक नई ऊंचाई को छुआ है। भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया - SAI) के राजनांदगांव स्थित प्रशिक्षण केंद्र में क्षेत्र की तीन उभरती हुई हॉकी खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह चयन SAIके आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में 4 एवं 5 फरवरी को आयोजित चयन ट्रायल्स में शारीरिक दक्षता, फिटनेस टेस्ट और कौशल परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। चयनित खिलाड़ियों में पदुमलाल पुन्ना लाल बक्सी स्कूल की छात्रा चांदनी नेताम, शिव शक्ति पब्लिक स्कूल की छात्रा नंदिनी और लक्ष्य पब्लिक स्कूल की छात्रा जान्हवी मेश्राम शामिल हैं।

इस चयन प्रक्रिया में देश भर से आए प्रतिभाशाली युवा हॉकी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। चयनित खिलाड़ियों को अब स्र्द्ध के छात्रावास में उच्च स्तरीय खेल सामग्री, संतुलित और पौष्टिक आहार, विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित प्रशिक्षण, तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

**खिलाड़ियों के चयन से क्षेत्रीय हॉकी को मिलेगा प्रोत्साहन**

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि इस प्रकार की सुविधाएं खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होंगी और क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी हॉकी के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा।

**छोटे से समय में बड़ी उड़ान**

पटरी पार क्षेत्र के इन होनहार खिलाड़ियों ने रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी, छत्तीसगढ़ हॉकी, तथा जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे और खेलो इंडिया के कोच शकील अहमद एवं कोच आरती शेंडे की अहम भूमिका रही। मात्र छह माह की मेहनत



में इन खिलाड़ियों ने SAI जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

**मिलेगा ?5 लाख का मेडिकल इंश्योरेंस और शैक्षणिक सुविधा**

अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया कि खेल के दौरान खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावना रहती है। ऐसे में स्र्द्ध द्वारा दिए जा रहे ?5 लाख के मेडिकल इंश्योरेंस से उन्हें समय पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी, जो उनके मनोबल को बनाए रखने में सहायक होगी। साथ ही, खेल के साथ-साथ शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**पटरी पार के हॉकी खिलाड़ियों ने रचा इतिहास - खेल छात्रावास में सर्वाधिक चयन**

पटरी पार क्षेत्र के लिए यह गौरव का क्षण है। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब इस क्षेत्र से किसी भी खेल मे शासकीय खेल छात्रावास में सर्वाधिक संख्या में हॉकी खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

यह उपलब्धि न केवल क्षेत्र की खेल प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि स्थानीय कोचों एवं अभिभावकों की मेहनत और समर्पण का भी प्रमाण है।स्थानीय हॉकी मैदान पर चल रहे प्रशिक्षण और खिलाड़ियों की लगन का यह नतीजा है कि आज पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की खेल संरचना में अपना स्थान बना पाए हैं। चयनित खिलाड़ियों की सूची में कई ऐसे नाम शामिल हैं जिन्होंने जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।क्षेत्र के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब खेल मानचित्र पर एक नई पहचान बना रहा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इन खिलाड़ियों को आगे बेहतर प्रशिक्षण व सुविधाएं प्राप्त होंगी, जिससे वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना लोहा मनवा सकें। स्थानीय लोगों में भी इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा गया। चयनित खिलाड़ियों का क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया, और युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के लिए विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पटरी पार क्षेत्र की यह ऐतिहासिक उपलब्धि आने वाले वर्षों में और भी बड़ी कामयाबी की ओर इशारा करती है।

**सभी ने दी बधाई**

चयनित खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए. एक्का, जिला हॉकी संघ के सचिव शिव नारायण धकेता, पूर्व निगम अध्यक्ष एवं पार्षद शिव वर्मा, पार्षद सुनील साहू, प्राचार्य प्रतिभा भारद्वाज, समाजसेवी लोकेश जैन, ललित नायडू, प्रदीप शर्मा, कस्टम अधिकारी दीपेश चौबे, मुन्ना लाल जायसवाल, सुखदेव राउत, कोच प्रियंका, अर्चना देवी चौधरी, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, कुमारु राम पटेल, स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स क्लब एवं परंपरा संस्था के सदस्यों सहित वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गणित विषय के व्याख्याताओं की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के सभी गणित विषय के व्याख्याताओं का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नवोदय विद्यालय



डोंगरगढ़ के सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने कहा कि कक्षा 10वीं के परिणाम आने के बाद बच्चों और उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करने कहा, जिससे ज्यादा से ज्यादा गणित विषय का चयन करें और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत बढ़े। उन्होंने शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित विषय की आवश्यकता होती है। एनडीए की तैयारी एवं कैरियर गाईडेंस सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी विद्यार्थियों को देने कहा। उन्होंने गणित विषय के संबंध में विद्यार्थियों को सकारात्मक बातें बताने कहा।सहायक संचालक श्री आदित्य खरे ने कार्यशाला की उपयोगिता और उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला को प्राचार्य बीटीआई डोंगरगांव श्री मुकुल साव ने विस्तार से चर्चा करते हुए जानकारी दी। वर्तमान में शिक्षक पालक और विद्यार्थी की क्या उदासीनता है जिसकी वजह से गणित विषय को लेकर कैरियर ऑप्शन्स में काफी गिरावट है और इन सभी मुद्दों को किस तरीके से बेहतर किया जा सकता है। उस पर विस्तार से चर्चा सभी व्याख्याता से की। उन्होंने अपील की बुनियाद मजबूत करने के लिए अपने आश्रित माध्यमिक शालाओं के कक्षा आठवीं के बच्चों में गणित विषय के संबंध में सकारात्मक चर्चा और काउंसलिंग करने कहा। विद्यार्थियों के पालकों को गणित विषय की महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी देने कहा। जिले में पर्याप्त संख्या में गणित के विषय शिक्षक है। विद्यार्थियों में गणित विषय के संबंध में रूचि बढ़ाने कहा। अधिक से अधिक विद्यार्थी इस सत्र से गणित विषय में प्रवेश लें। सभी संस्थाओं में पंजीयन हो गणित विषय को लेकर, उनकी रूचि बढे और गणित विषय को आगे की पढ़ाई के रूप में शामिल करें। एपीसी समग्र शिक्षा श्री मनोज मरकाम ने बताया कि गत सत्र में कक्षा 12वीं में गणित में 591 बच्चों ने परीक्षा दिया। इस सत्र में कक्षा 11वीं में 545 बच्चे ही दर्ज हैं जो की बहुत चिंताजनक स्थिति है, इसका समाधान निकालने कहा। प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित के अनिवार्यता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गणित विषय नहीं होने के कारण जिले में अग्नि वीर, नौसेना और वायु सेना जैसे परीक्षाओं में भी बच्चे शामिल नहीं हो पाते हैं।

# सफाई देखने सुबह आयुक्त पहुंचे इंदिरा नगर एवं नंदई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन वार्डो में जाकर सफाई देख वार्ड प्रभारी, दरोगा एवं सफाई कर्मियों को सफाई में और सुधार लाने निर्देशित कर रहे है। आज उनके द्वारा कौरिनभाठा रोड़, इंदिरा नगर, नंदई क्षेत्र में साफ-सफाई का जायजा लेकर निर्धारित समय तक सभी कर्मचारियों को उपस्थित रहकर कार्य करने कहा। इंदिरा नगर के हर गलियों की नाली की समुचित सफाई कराकर कचरा उठाने आयुक्त ने कहा। हाजरी रजिस्टर की जॉचकर उन्होने कर्मचारियों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि, कोई भी कर्मचारी बिना कारण अनुपस्थित नही रहेगें, और न ही सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति अवकाश पर रहेगें। उन्होने कहा कि, सफाई जैसे अति आवश्यक सेवा के कार्य में कोताही



बर्दास्त नही की जायेगी। नंदई में साफ-सफाई देख कर्मचारियों से चर्चा कर कहा कि, चैक-चैराहों एवं डिवाईडर के आस-पास पर्याप्त सफाई करना सुनिश्चित करें। कचरा संग्रहण स्थल से प्रतिदिन कचरा उठाकर पुरी तरह से साफ करें, जिससे आवागमन में परेशानी न हो। उन्होने नंदई एवं इंदिरा नगर नाला की भी जेसीबी के माध्यम से सफाई कराने कहा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आरोग्य अस्पताल के बाजू खाली भूमि में मेडिकल वेस्ट बिखरे देख आस-पास के सभी अस्पतालों को नोटिस जारी करने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि, सभी अस्पतालों में मेडिकल वेस्ट देने की अलग व्यवस्था है, उसके बावजूद खुले में वेस्ट फैलाना गंभीर बात है। उक्त निर्देश का कडाई से पालन किया जाये। उन्होने सी-मार्ट का निरीक्षण कर संचालक से व्यवस्था संबंधी जानकारी लेकर समान व्यवस्थित रखने के साथ-साथ पर्याप्त साफ-सफाई रखने कहा।

## जिला जेल राजनांदगांव में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संबंध में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिन्दल ने दिनांक 19.04.2025 को जिला जेल राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बंदियो को उनके अनेक अधिकारो व अनेक विषयो पर कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार व्यक्ति को अनेक अधिकार दिये गए है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 35 (1) (ख) में प्रावधान है कि 7 साल तक के दण्ड के मामलो में विशेष कारण होने पर ही किसी को गिरफ्तार किया जा सकता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 36 (ग) के अनुसार गिरफ्तारी की सूचना गिरफ्तार व्यक्ति के उस नातेदार या व्यक्ति को दी जाने के अधिकार की जानकारी दी जायेगी जिसको वह व्यक्ति बताये, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 38 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी पसंद के अधिवक्ता से पूछताछ के दौरान समय-समय पर मिलने का अघिकार होगा। अमित जिन्दल ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 47 (1) के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उस अपराध की जानकारी दी जायेगी।

# नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) द्वारा किया गया पदभार ग्रहण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छ.ग. शासन गृह पुलिस विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के आदेश दिनांक 20.04.2025 के अनुसार राजनांदगांव रेंज के तीसरा पुलिस महानिरीक्षक के रूप में श्री अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) को नियुक्त किया गया है। श्री अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) 2007 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी हैं जो परीवीक्षा अवधि में जिला रायपुर में वर्ष 2008 में कार्यरत रहे हैं, इसके उपरांत वर्ष 2009-2010 में सहायक पुलिस अधीक्षक जिला दंतेवाड़ा, वर्ष 2010-2011 में एसडीओपी गरियाबंद, वर्ष 2011 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ बघेरा जिला दुर्ग, वर्ष 2011-2014 में पुलिस अधीक्षक सुकमा, वर्ष 2014 से 2016 तक पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, वर्ष 2016-17 में सहायक पुलिस महानिरीक्षक, लेखा-कल्याण, पु0मु0रायपुर, वर्ष 2017-2018 में माननीय राज्यपाल के परिसहाय रहे हैं। तत्पश्चात् वर्ष 2018 से 2024 तक केन्द्रीय प्रतिनियुक्त में सीबीआई, सीबीआई में प्रतिनियुक्ति के दौरान ही वर्ष 2021 में उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पदोन्नत्ति प्रदान की गई है। वर्ष 2024 में प्रतिनियुक्ति से वापसी उपरांत उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय में पदस्थ रहे हैं, वर्ष 2025 में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर कानून व्यवस्थ, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में कार्यरत थे, स्थानांतरण पर राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव आकर अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव श्री मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक केसीजी श्री त्रिलोक बंसल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जिसके पश्चात् पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा



पुलिस अधीक्षक व राजपत्रित अधिकारियों से जिले के संबंध में सामान्य चर्चा कर कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।इस अवसर पर तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता वागवानी, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, प्रक्षिशु आईपीएस थाना प्रभारी लालबाग श्री ईशू अग्रवाल एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# पितृ दोष में राहत देंगे श्राद्ध और तर्पण, नोट करें वैशाख अमावस्या की तिथि और पूजा विधि

वैशाख अमावस्या पर स्नान दान और पूजा करना शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा करने से मृत?यु के बाद भटक रही पितरों की आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उनका आशीर्वाद मिलने से घर में सुख शांति और समृद्धि आती है। इस बार वैशाख अमावस्या 27 अप्रैल को पड़ रही है। नई दिल्ली। अमावस्या की तिथि पितरों को समर्पित है। इस बार वैशाख अमावस्या रविवार 27 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस शुभ अवसर पर गंगा स्नान कर शिवलिंग का अभिषेक करें और महादेव की पूजा करें। साथ ही पितरों का तर्पण और पिंडदान करें। गुरुड़ पुराण में बताया गया है कि अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष मिलता है। यदि आपकी भी कुंडली में पितृ दोष है। यदि आप भी अचानक आने वाली आपदाओं, बीमारियों, परेशानियों से जूझ रहे हैं, तो आपको पितृ दोष की शांति करानी चाहिए। जब किसी भी कारण से पितरों को मुक्ति नहीं मिलती है, तो उनका आशीर्वाद भी नहीं मिलता है। ऐसे में




दुख, बाधाएं और कष्ट आने लगते हैं और घर में सुख-समृद्धि चली जाती है। अगर आप भी पितरों को प्रसन्न करना चाहते हैं (ङ्कड्डद्वह्यद्धड्डग्द्ध ,द्वड्ड1ड्डह्य4ड्ड क्कद्वह्लह्द्ध ह्यशह्यद्ध श्चड्ड4), तो वैशाख अमावस्या पर तर्पण के बाद शिव चालीसा का पाठ करें।

**कब मनाएं वैशाख अमावस्या**

वैशाख अमावस्या तिथि की शुरुआत 27 अप्रैल 2025 को सुबह 4:49 बजे होगी। अमावस्या तिथि 28 अप्रैल को सुबह 1:00 बजे तक रहेगी। ऐसे में अमावस्या, तर्पण, पिंडदान और पूर्वजों के लिए किए जाने वाले दान को 27 अप्रैल को करना उचित रहेगा।

**वैशाख अमावस्या पर क्या करें**

पितरों की शांति के लिए श्रीमद्भागवत कथा का पाठ सुनें।इसका पाठ सुनने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है।ये उपाय पितृ शांति के साथ-साथ आपकी भी आध्यात्मिक उन्नति करेगा।इस दिन प्रात:काल किसी पवित्र नदी या तीर्थ स्थान में स्नान करें। पितरों के लिए तर्पण करके जरूरतमंदों को दान-दक्षिणा दें। जरूरतमंद व्यक्तियों को जूते-चप्पल और छाते दान करें।किसी मंदिर में धूपबत्ती, घी, तेल, हार-फूल, मिठाई, कुमकुम आदि दान दें।

**यदि कहीं न जा सकें, तो क्या करें**

यदि आप अमावस्या के दिन किसी पवित्र नदी या तीर्थ स्थान नहीं जा सकें, तो कोई बात नहीं। आप घर पर ही गंगाजल में पानी मिलाकर नहा लें। इसके बाद व्रत करने का संकल?प ले और भगवान विष?णु की विधि-विधान से पूजा करें। इसके बाद तिल, कुश, जल और दूध लेकर पितरों के नाम पर तर्पण करें। इससे पितरों का आशीर्वाद मिलेगा और जीवन में आ रही कठिनाइयां दूर होने लगेंगी।

## संत की राजा को सीख:प्रेरक कथा - सच्चा सुख चाहते हैं तो घमंड छोड़कर संतोष को जीवन में उतारें और फिर भक्ति करें

कहते हैं कि इंसान की इच्छाएं अनंत होती हैं— जैसे समुद्र की लहरें, जो कभी रुकती नहीं। भौतिकता की दौड़ में हम जितना भी पा लें, मन फिर भी और अधिक चाहने लगता है। आज के भौतिक युग में जब हर व्यक्ति ज्यादा पाने की लालसा में जी रहा है, एक प्राचीन कथा हमें सिखाती है कि वास्तव में सच्चा सुख कहां है? आइए, एक पुराने राजा और एक साधु की यह प्रेरणादायक कथा पढ़ें, जो हमें आत्मचिंतन करने के लिए मजबूर कर देती है।



कथा: बहुत समय पहले की बात है। एक समृद्ध लेकिन घमंडी राजा था, जिसे अपने वैभव और सामर्थ्य पर अत्यंत गर्व था। अपने जन्मदिन के अवसर पर उसने घोषणा की कि वह किसी एक व्यक्ति की सारी इच्छाएं पूरी करेगा, बस एक दिन के लिए उसकी भगवान बनने की लालसा थी। दरबार सजा, उत्सव का आयोजन हुआ और प्रजा राजा को बधाई देने पहुंची। उन्हीं में एक साधु भी थे, सरल, शांत और प्रसन्नचित्त। राजा ने साधु से आग्रह किया, महाराज! आज मेरे जन्मदिन पर मैं आपकी सभी इच्छाएं पूरी करना चाहता हूं। आप जो मांगेंगे, मैं दूंगा। साधु मुस्कराए और बोले, राजन्, मुझे कुछ नहीं चाहिए। मैं पूर्ण हूं।लेकिन राजा का अहंकार टकरा गया। वह जिद पर उतर आया। अंतत: संत ने कहा, ठीक है राजन्, यदि आप इतना आग्रह कर रहे हैं तो मेरे इस छोटे से पात्र को सोने के सिक्कों से भर दीजिए।राजा हंसा। यह तो तुच्छ कार्य था! उसने सिक्के डाले, लेकिन आश्चर्य! सिक्के डालते ही गायब हो गए। राजा हैरान।

nandgaon times April-23-003.qxd 4/23/2025 12:15 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# चैंबर ऑफ कामर्स के सतीश अध्यक्ष, प्रदेश के विकास मे होगी अहम भागीदारी - योगेश खत्री



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की नई बॉडीगठित होने के बाद प्रदेश के विकास में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की भागीदारी चर्चा का विषय बनेगी यह बात कहते हुए चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के चुनाव प्रभारी योगेश खत्री ने कहा कि चैंबर ऑफ़ कॉमर्स छोटे व्यापारियों के हितों का बराबर ख्याल रखती रही है। इस बार और गंभीरता से ख्याल रखेगी। श्री खत्री ने चुनाव अधिकारी के रूप में निर्वाचन सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के बाद बताया कि राजनांदगांव में चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारी हेतु विशेष कर छोटे व्यापारियों हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम किया है। अब नई कार्यकारिणी गठित होने के बाद प्रदेश बॉडी व्यापारी हितों पर विशेष तौर से छोटे व्यापारियों के हितों पर ध्यान कें केंद्रित करते हुए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि विकास में छत्तीसगढ़ के चेंबर ऑफ कॉमर्स का योगदान की चर्चा राजनीतिक व अन्य क्षेत्रों में होती रही है। उनके द्वारा संपन्न चुनाव में राजनांदगांव से चेंबर ऑफकॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल और मंत्री तरुण लहरवानी को निर्विरोध चुना गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स चुनाव राजनांदगांव संस्कार ढाणी में विगत दिवस संपन्न हुआ जिसका शपथ ग्रहण समारोह राजधानी रायपुर में हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में रविवार 20 अप्रैल को शामिल हुए। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्रीज की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में व्यापार, व्यवसाय और उद्योग तेजी से विकास कर रहे है, इसके कारण जीएसटी कलेक्शन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए सभी को मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ बनाना होगा। रायपुर की शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित छग चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्रीज की शपथ ग्रहण समारोह में चैंबर के अध्यक्ष सतीश थौरानी, मंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स और इंडस्ट्रीज 62 वर्षों से कार्यशील है, जिससे 12 लाख व्यापारी जुड़े हैं। प्रदेश के इस सबसे बड़े व्यापारी संगठन के इतिहास में पहली बार सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न हुआ है, जो संगठन की एकजुटता का प्रमाण है, इस परंपरा को यह संगठन आगे भी कायम रखेगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित जिले से वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, मंत्री तरुण लहरवानी, शरद अग्रवाल, राजू डागा, अमर ललवानी, हर्ष पटेल, ज्ञानू बाफ्ना, विनोद डढ्डा, राजेश अग्रवाल, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, रुपचंद भीमनानी, मनोज करंडे, योगश सारथी, सुरेश अग्रवाल, संजय छाजेड़, रूबी गरचा, विजय सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### चुनाव में नांदगांव के आलोक बिंदल व तरुण लहरवानी निर्विरोध निर्वाचित




# ग्रामीण को बुरी तरह मार कर फेंका, मामला- कलकसा लतमर्रा मार्ग का

## आसपास क्षेत्र मैं फैली सनसनी, हत्यारे की तलाश में जुटी पुलिस

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के खैरागढ़ रोड़ स्थित कलकसा व लतमरा मार्ग के बीच सड़क में एक व्यक्ति की खून से सनी लाश मिलने से आसपास में सनसनी सी फैल गई। मृतक 35 से 40 वर्ष के करीब बताया जाता है। अधेड़ पर बुरी तरह डंडा और पत्थरों से हमला किया गया है। इससे खास तौर पर उसके चेहरे पर गंभीर चोट के निशान हैं। जिससे उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने देर रात लगभग 11 बजे डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना दी। डोंगरगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले कर पंचनामा कार्यवाही की गई है। वहीं हत्यारे की खोज के लिए डाग स्क्वायड का भी सहारा लिया



गया। जो नजदीक के गांव तक पहुंचकर लौट आया। इससे उक्त व्यक्ति की हत्या कर लाश को सड़क में फेंकी गई हैं, ऐसे भी कयास लगाए जा रहे है। पुलिस उक्त सनसनी खेज घटना को लेकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में भी जुटी हुई है। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने बताया कि रविवार की रात उन्हें तकरीबन 11 बजे उक्त घटना के संबंध में सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और उसे पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया गया है। श्री कुंजाम ने बताया कि सुबह उक्त रक्तरंजित लाश की फोटो खींचकर आसपास के क्षेत्रों में पहचान के लिए भिजवाया गया। इस पर एक पहचानकर्ता ने मृतक व्यक्ति को निकटवर्ती कन्हारगांव का निवासी बताया गया है। जिसका नाम देवलाल मंडावी है। लोगों की मानें तो मृतक अपने घर परिवार के लोगों से अलग रहता है और पीने का भी आदी है। उसे किसी कारणों से जेल की भी सजा हुई है। फिलहाल पुलिस उक्त व्यक्ति देवलाल मंडावी के हत्यारे के खोजबीन में जुटी हुई है।

# मोर दुवार साय सरकार

## महाअभियान पखवाड़ा द्वितीय चरण: 21 अप्रैल से 28 अप्रैल तक

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मोर द्वार साय सरकार महाभियान पखवाड़ा के द्वितीय चरण 21 अप्रैल से 28 अप्रैल तक विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम पंचायत बनभेडी में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष साहु द्वारा सगनी बाई चंद्रवंशी का प्रधानमन्त्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस 2.0 में सर्वेक्षण किया गया, सर्वेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच,



उपसरपंच, वार्ड पंच, विकासखंड समन्वयक, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे इसके अतरिक्त द्वितीय चरण अंतर्गत जन जागरूकता हेतु ग्राम पंचायत सचिव उमेश देवांगन द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान में ग्रामवासियों के जागरूकता एवं प्रचार प्रसार हेतु आवास प्लस सर्वेक्षण के संबंध में दीवार लेखन कराया गया है।

## अनुसंधान का मानव समाज के लिए कल्याणकारी हो - डॉ.के.एन दिनेश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उक्त व्याख्यान हेतु मुख्य वक्ता के रूप में कल्याण महाविद्यालय सेक्टर 7 से समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.के.एन दिनेश को आमंत्रित किया गया । उनके द्वारा सामाजिक अनुसंधान पद्धति विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि अनुसंधान का समाज में विशेष महत्व है। सर्वप्रथम अनुसंधान का विषय किस प्रकार से चयन करें ,जो मानव समाज के लिए कल्याणकारी हो तथा किसी सामाजिक समस्या के निराकरण में सहायक हो। उनके द्वारा अनुसंधान पद्धति के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित अपने प्रश्न पूछे। जिनके संबंध में डॉ. दिनेश के द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

# जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग राजनांदगांव का फैसला

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वाहन स्वामी जय महेश अपने स्वामित्व की वाहन 08 ए एच 6980 हाइवा का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से कराया था। उक्त वाहन दिनांक 10/06/2024 को ग्राम सिब्दी थाना सुरेगांव के पास राजनाँदगांव आते समय रात 8 = 30 बजे शार्ट सर्किट होने से आग लगने से पूरा वाहन जलकर नष्ट हो गया। उक्त घटना की शिकायत थाना सूरे गाँव में किया गया। वाहन स्वामी द्वारा बीमा कंपनी को सूचित कर वाहन के सम्पूर्ण क्षति की मांग की गई । बीमा कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति राशि नही दिये जाने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव में परिवादी के द्वारा अपने अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी के माध्यम से परिवाद प्रस्तुत किया गया।





प्रकरण विचारण पश्चात आयोग के अध्यक्ष *श्री प्रशांत कुंडू एवं सदस्य डॉक्टर आनंद वर्गीस*के द्वारा दिनांक 21/4/2025 को आदेश पारित करते हुए अनावेदक बीमा कंपनी को वाहन के क्षतिपूर्ति राशि 1887562/ रूपये एवं 50000/ रूपये मानसिक क्षति तथा एवं व्यय 5000/ रूपये और 21/4/2025 से 6त्न की दर से ब्याज,भुगतान दिनांक तक परिवादी वाहन स्वामी को अनावेदक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा भुगतान करने का आदेश पारित किया है। उक्त राशि आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर भुगतान नहीं किए जाने पर,आदेश दिनांक से 6त्न की दर से ब्याज देय होगा। परिवादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी ने पैरवी किया।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 अप्रैल 2025 को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, वन, लोक निर्माण, खाद्य विभाग की विभागीय योजनाओं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 28 को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 28 अप्रैल 2025 को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला पंचायत के विभिन्न योजनाओं के आय-व्यय अनुमोदन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क चौड़ीकरण बना स्लो प्रोजेक्ट, शहर की लाइट डीम, जनता बेहाल



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के बहुप्रचारित ड्रीम प्रोजेक्ट सड़क चौड़ीकरण ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। लापरवाही का आलम यह है कि जिस कार्य को एक्सपर्ट महज 6 दिन में पूरा करने योग्य बताते हैं, उसमें ठेकेदार ने 547 दिन में भी केवल 95 खंभे ही लगाए हैं।

इस सुस्त रफ्तार का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क चौड़ीकरण के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। पिछले डेढ़ साल में शहरवासियों को 100 घंटे से ज्यादा बिजली गुल रहने का दंश झेलना पड़ा है। हालात इतने खराब हैं कि 43 डिग्री सेल्सियस तापमान में लोग 6-6 घंटे तक बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विकास के नाम पर उन्हें सिर्फ तकलीफ मिली है। एक-एक खंभे लगाने में हफ्तों लग रहे हैं।

**क्या यही है ड्रीम प्रोजेक्ट- नाराजगी जताते हुए बोले।**

विशेषज्ञों का मानना है कि यह ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत और कुप्रबंधन का उदाहरण है। बिना समन्वय और योजना के काम शुरू करना, फिर धीमी गति से उसे खींचते जाना ङ्क यह प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करता है।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट ?**

रिटायर्ड ई जी. आर. पाण्डेय ने बताया कि च्अगर संसाधन और मैनपावर सही तरीके से लगाया जाता तो ये काम एक हफ्ते से ज्यादा नहीं लगता। ये तो सीधी-सी बात है - या तो लापरवाही है या भ्रष्टाचार।

सवाल यह है कि इतने लंबे समय तक परियोजना अधूरी रहने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

**ये हुआ है काम**

चार टांसफार्मर लगाए गए । इसमें ग्रामीण बैंक के सामने, शनि मंदिर,गेस्ट हाउस, नगर पंचायत है। इसके अलावा 40 खंभों का शिफ्टिंग किया गया और 55 खंभे नए लगाए गए।

**अधिकारी नहीं ले रहे जिम्मेवारी**



हमारे संवाददाता ने जब पी डब्लू डी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सुनील कुमार से बातचीत की उन्होंने खंभों के लिए संपूर्ण राशि का हस्तांतरण की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया वहीं दूसरी ओर ई एंड एम विभाग के सब इंजीनियर एम ठाकुर से बातचीत की गई तो उन्होंने सही समय पर शटडाउन ना मिलने की बात कही। वहीं दूसरी ओर सी एस पी डी सी एल के जे. ई. पिस्दा ने कहा कि ठेकेदार विभाग के मांग पर समय-समय पर शटडाउन किया जाता है।

**ठेकेदार अधिकारियों की मौज, जनता गर्मी से परेशान**

इस रवैया से जनता ही पीस रही है और अधिकारी और ठेकेदार की मौज है। 43 डिग्री की भीषण गर्मी में 6 से 8 घंटे तक गर्मी का आम जनता को सामना करना पड़ रहा है।

ई एंड एम और सी एस पी डी सी एल को पूर्व में ही राशि ट्रांसफर कर दी गई है।ये कार्य उनके अंतर्गत आता है।

**सुनील कुमार चौरसिया, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पी डब्ल्यू डी राजनांदगांव**

डेढ़ साल के अंतराल में करीब 55 नए और 40 खंभे शिफ्टिंग वाले लगाए गए हैं। इसमें उक्त समय के अनुसार 100 घंटों का शटडाउन किया गया है।

**टी डी पिस्दा, जे ई ,सी एस पी डी सी एल डोंगरगांव**

**पांच लाख 28 हजार की राशि**

सी. एस. पी. डी.सी.एल. को सुपर विजन के लिए हस्तांतरण किया गया है। उक्त शिफ्टिंग में देर होने का कारण ये है कि हमें कभी भी निरंतर शटडाउन नहीं मिला है। लगातार मिलने पर कार्य जल्द हो जाता।

**एम ठाकुर, सब इंजीनियर, ई एंड एम, राजनांदगांव**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com